अप्रैल 22, 2021 कार्यकारी आदेश 2021-08

**कार्यकारी आदेश 2021-08**
**शून्य उत्सर्जन वाहनों और सहायक उपकरणों की खरीद करने के बारे में कार्यकारी आदेश**

**जबकि**, इलिनॉय राज्य के सभी निवासी एक सुरक्षित वातावरण के अधिकारी हैं, जिसमें उनके समुदाय फल-फूल सकें; तथा,

**जबकि,** अधिकतर वैज्ञानिकों की इस बारे में बिल्कुल स्पष्ट सहमति है कि: जलवायु संकट वास्तविक है, और इसे सरकारी अधिकारियों द्वारा हल किया जाना चाहिए; तथा,

**जबकि**, जलवायु संकट हमारे पर्यावरण, स्वास्थ्य, जन-कल्याण, आजीविका और आर्थिक सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा प्रस्तुत करता है; तथा,

**जबकि,** राज्य 100 प्रतिशत स्वच्छ ऊर्जा अर्थव्यवस्था में परिवर्तित होने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि जब देश जलवायु संकट का सामना कर रहा है तब इलिनॉय इसमें पीछे न रह जाए; और

**जबकि,** राज्य सरकार को स्वच्छ ऊर्जा अर्थव्यवस्था में परिवर्तन का नेतृत्व करने में मदद करनी चाहिए; तथा,

**जबकि,** परिवहन का क्षेत्र राज्य में उत्सर्जन का सबसे बड़ा स्रोत है; तथा,

**जबकि,** राज्य वाहनों की खरीद करने में स्थानीय सरकार की इकाइयों के साथ सहयोग करता है; तथा,

**जबकि,** सरकारी वाहन बेड़े का शून्य उत्सर्जन वाहनों में रूपांतरण आवश्यक है ताकि पेरिस समझौते के लक्ष्य को पूरा करने के लिए ग्लोबल वार्मिंग को 2 डिग्री सेल्सियस से नीचे सीमित किया जा सके; तथा,

**जबकि,** शून्य उत्सर्जन और कम उत्सर्जन वाले वाहन भी स्थानीय रूप से वायु प्रदूषकों के स्तर को कम करते हैं जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हुए हैं; तथा,

**जबकि,** राज्य के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वह अपनी स्वयं की गतिविधियों से पैदा होने वाले ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को कम करने के लिए कदम उठाए;

**अतः**, मैं, जेबी प्रिट्ज़कर (JB Pritzker), इलिनॉय का राज्यपाल (गवर्नर), इलिनॉय राज्य के संविधान के अनुच्छेद V द्वारा मुझमें निहित कार्यकारी प्राधिकार के आधार पर, इसके द्वारा निम्नवत आदेश देता हूं:

## I. परिभाषाएँ

इस कार्यकारी आदेश में प्रयुक्त "राजकीय एजेंसी (state agency)" का अर्थ है राज्यपाल के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत कोई भी कार्यालय, विभाग, एजेंसी, बोर्ड, या आयोग या इलिनॉय राज्य की कार्यकारी शाखा का प्राधिकार।

## II. वाहन खरीदी कार्यक्रम

विद्युतिकृत और अन्य कम उत्सर्जन या शून्य उत्सर्जन वाले वाहनों की खरीद के लिए राज्य एक कार्यक्रम विकसित और कार्यान्वित करेगा। यह कार्यक्रम विशिष्ट उपयोगिता वाले, पुलिस और आपातकालीन वाहनों की जरूरतों को ध्यान में रख सकता है।

## III. राजकीय वाहनों का कार्यकारी समूह

राज्य राजकीय वाहनों का एक कार्यकारी समूह स्थापित करेगा। इलिनॉय केंद्रीय प्रबंधन सेवाओं के विभाग (CMS) द्वारा राजकीय वाहनों के कार्यकारी समूह की बैठक बुलाई जाएगी और इसमें इलिनॉय परिवहन विभाग (IDOT), इलिनॉय पर्यावरण सुरक्षा एजेंसी (IEPA), और इलिनॉय वाणिज्य आयोग (ICC) के प्रतिनिधि शामिल होंगे। राजकीय वाहनों का कार्यकारी समूह यह करेगा:

a. ऐसी मानक प्रक्रियाएं, फार्मूले और साधनों के संबंध में प्रस्ताव देगा जो राजकीय वाहनों पर उनके जीवनकाल में लगने वाली अनुमानित लागत की गणना करने में राज्य की एजेंसियों की मदद करने के लिए बनाए गए हैं, जिसमें इंधन, संचालन और रखरखाव की लागत शामिल है, जब किसी वाहन को बदलना हो या इसकी योजना बनाई जा रही हो, तथा एजेंसी बजट में इन खर्चों के लेखांकन में सहायता करने के लिए।

b. शून्य उत्सर्जन या कम उत्सर्जन वाले वाहनों की खरीद के वित्तपोषण के लिए बाहरी फंडिंग और अनुदान के अवसरों को पहचानना और उनका फायदा उठाना।

c. पट्टे पर लेना, ऊर्जा प्रदर्शन अनुबंध, और अन्य तरीकों सहित राजकीय बेड़े के वाहनों के लिए वैकल्पिक वित्तपोषण विकल्पों का मूल्यांकन करना जिससे शून्य उत्सर्जन या कम उत्सर्जन वाले वाहनों को और भी कम लागत में तैनात किया जा सके।

d. राज्य के स्वामित्व वाले विद्युतिकृत वाहनों के संचालन के लिए आवश्यक इलेक्ट्रिक वाहन चार्जर्स की आवश्यकता सहित बुनियादी सुविधाओं की जरूरतों का मूल्यांकन करेगा।

e. एक समान प्रक्रिया का प्रस्ताव करना जो बेड़े के समन्वयकों को शून्य उत्सर्जन या कम उत्सर्जन वाले वाहनों को सेवानिवृत्ति की मानक आयु से पहले बदलने की अनुमति देता है, यदि इस प्रतिस्थापन को लागत प्रभावी समझा जाता है।

f. विद्युतिकृत वाहनों के संचालन, रखरखाव, और इंधन की आपूर्ति के लिए प्रबंधन प्रथाओं को अपनाने में एजेंसियों की मदद करने के लिए एक मार्गदर्शिका बनाना। विद्युतिकृत वाहनों के रखरखाव और इंधन की आपूर्ति की समय-सारणी गैस चलित वाहनों की तुलना में भिन्न होती है, जिसके कारण वाहनों के बेड़े के प्रबंधन के लिए नई श्रेष्ठ प्रथाओं की आवश्यकता पड़ती है। विद्युतिकृत वाहनों की चार्जिंग समय-सारणी के लिए श्रेष्ठ प्रथाओं की अनुशंसा करते समय मार्गदर्शिका को वास्तविक समय में या उपयोग के समय में विद्युत् के मूल्य के कारण लागत में होने वाली संभावित बचत पर विचार करना चाहिए।

## IV. आजीवन वाहन लागत विश्लेषण

राज्य वाहनों से जुड़ी लागतों का मूल्यांकन करते समय, राज्य की एजेंसियां, जब भी संभव हो, वाहन के स्वामित्व की कुल अनुमानित लागत पर विचार करें, जिसमें ईंधन, संचालन और रखरखाव लागत शामिल हैं।

## V. राजकीय बेड़े, राज्य सरकार के कर्मचारी और आम जनता के लिए विद्युत् वाहन चार्जर्स

CMS, अन्य राज्य एजेंसियों के साथ समन्वय में, राज्य की संपत्ति पर इलेक्ट्रिक वाहन चार्जर्स स्थापित करने की योजना का विकास करेगा, जिसमें राज्य सरकार के कार्यालयों के आगंतुक पार्किंग लॉट्स शामिल हैं,

जिनका उपयोग राज्य के बेड़े के वाहनों की चार्जिंग में, साथ ही राज्य सरकार के कर्मचारियों और आम जनता के वाहनों की चार्जिंग में भी होगा। इस योजना के एक हिस्से के रूप में, राजकीय वाहनों का कार्यकारी समूह इस बात के अवसर तलाशेगा कि राजकीय वाहनों के विद्युत् चार्जर्स का उपयोग आम जनता के लिए भी हो सके, जब भी और जहां भी संभव हो। योजना रिबिल्ड इलिनॉय कैपिटल प्लान की ओर से इसके लिए लागू होने वाली राशी का उपयोग करना चाहेगी। सभी राज्य एजेंसियां राज्य के पट्टे पर दिए गए भवनों में, जहां संभव हो, किरायेदारी सुधार के रूप में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग को शामिल करने का प्रयास करेंगी।

**VI. शुन्य उत्सर्जन स्कूल बसों की खरीद में स्कूल डिस्ट्रिक्स की सहायता करना**

स्कूल बसों को बदलते समय शुन्य उत्सर्जन बस विकल्पों के लाभ और लागत का मूल्यांकन करने में स्कूल डिस्ट्रिक्स की मदद करने के लिए साधनों को विकसित करने और जानकारी प्रदान करने के कार्य में इलिनॉय राज्य शिक्षा बोर्ड IDOT और IEPA के साथ मिलकर काम करेगा।

**VII. बचत का खंड (सेविंग्स क्लौज़)।**

इस कार्यकारी आदेश में मौजूद किसी भी बात का अर्थ किसी भी संघीय या राज्य कानून या विनियम के उल्लंघन के रूप में नहीं निकाला जाएगा। इस कार्यकारी आदेश में मौजूद कोई भी बात किसी भी राज्य एजेंसी की मौजूदा सांविधिक शक्तियों को प्रभावित या परिवर्तित नहीं करेगी और उसका अर्थ किसी भी राज्य एजेंसी को नए सिरे से आदेशित करने या उसके पुनर्गठन के रूप में नहीं निकाला जाएगा।

**VIII. पूर्ववर्ती कार्यकारी आदेश**

यह कार्यकारी आदेश किसी भी अन्य पूर्व कार्यकारी आदेश के किसी भी विपरीत प्रावधान का स्थान लेता है।

**IX. पृथक्करणीयता खंड**

यदि इस कार्यकारी आदेश का कोई भी अंश किसी सक्षम क्षेत्राधिकार वाले न्यायालय द्वारा अमान्य पाया जाता है तो शेष उपबंध पूर्णतः लागू एवं प्रभावी रहेंगे। इस कार्यकारी आदेश के प्रावधान पृथक्करणीय हैं।

**X. प्रभावी होने की तारीख**

यह कार्यकारी आदेश राज्य सचिव (सेक्रेटरी ऑफ़ स्टेट) के पास इसे दायर किए जाने पर तत्काल प्रभावी हो जाएगा।

**जेबी प्रिट्ज़कर (JB Pritzker), राज्यपाल (गवर्नर)**

राज्यपाल (गवर्नर) द्वारा जारी अप्रैल 22, 2021
राज्य सचिव (सेक्रेटरी ऑफ़ स्टेट) द्वारा दायर अप्रैल 22, 2021